M.A. (Hindi) First Semester Old

# MAHIN113-4-Paper-II (Elective Course) : Kavyashastra Evam Sahitya Lochan

## (काव्यशास्त्र एवं साहित्य लोचन)

P. Pages : 3 **GUG/W/18/529**

Time : Three Hours Max. Marks : 80

---

सूचना :- सभी प्रश्न अनिवार्य है।

**1.** निम्नलिखित दीर्घोत्तरी प्रश्नों में से **किसी एक** का उत्तर लिखिए।

**खण्ड 'क'** **10**

अ) भारतीय काव्यशास्त्रियों की मान्यता के अनुसार रस के स्वरुप पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

आ) पं. जगन्नाथ के काव्य लक्षण 'रमणीयार्थ प्रतिपादक : शब्द : काव्यम्' की सम्यक परिक्षा कीजिए।

**खण्ड 'ख'** **10**

क) रीति शब्द का आशय स्पष्ट करते हुए भारतीय काव्य शास्त्रियों के अनुसार रीति की अवधारणा प्रस्तुत कीजिए।

**अथवा**

ख) अलंकार सिद्धांत के अन्तर्गत कौनसी मूल स्थापनाएँ की गयी हैं? उन पर प्रकाश डालिए।

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों में से **किसी एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए।

**खण्ड 'ग'** **10**

य) ध्वनि के भेदों का वर्णन कीजिए एवं आचार्य मम्मट के आधार पर ध्वनि काव्य के भेदों का परिचय प्रस्तुत कीजिए।

**अथवा**

र) ध्वनि सिद्धान्त के उद्भव एवं विकास पर प्रकाश डालते हुए ध्वनि सम्प्रदाय की मान्यताओं का विवेचन कीजिए।

**खण्ड 'घ'** **10**

ल) वक्रोक्ति सिद्धान्त का स्वरुप स्पष्ट करते हुए वक्रोक्ति के भेद लिखिए।

**अथवा**

व) औचित्य की प्रमुख स्थापनाओं पर प्रकाश डालते हुए औचित्य का महत्व सिद्ध कीजिए।

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं पाँच** प्रश्नों के लघुत्तरी उत्तर लिखिए। **20**

1) औचित्य काव्य का एक अनिवार्य तत्व है। स्पष्ट कीजिए।

munotes.in

2) वक्रोक्ति की अवधारणा स्पष्ट कीजिए।

3) ''वाक्य वाचक चारुत्व हेतुः'' इस सूत्र का आशय स्पष्ट कीजिए।

4) काव्यशास्त्र को अलंकार शास्त्र क्यों कहा गया है?

5) ''रस काव्य का प्राणतत्व है।'' इस कथन की समीक्षा कीजिए।

6) साधारणीकरण की प्रक्रिया को संक्षेप में बताइए।

7) 'खण्डकाव्य' का आशय स्पष्ट कीजिए।

8) महाकाव्य की परिभाषा लिखिए।

9) गीतिकाव्य से क्या तात्पर्य है?

10) हास्य रस को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

**4.** निम्नलिखित सभी अति लघुत्तरी प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **10**

1) काव्य प्रयोजन के भेद लिखिए।

2) 'रमणीयार्थ प्रतिपादकशब्दः काव्यम्' का आशय स्पष्ट कीजिए।

3) काव्य हेतु से क्या तात्पर्य है? लिखिए।

4) रस के अंग लिखिए।

5) सहृदय की अवधारणा से क्या तात्पर्य है? लिखिए।

**5.** निम्नलिखित निर्देशों के आधार पर वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर लिखना अनिवार्य है। **10**

1) कौनसा विद्वान रस - विरोधी है?
अ) रुद्र भट्ट ब) अभिनव
स) लोल्लट द) भामह

2) 'कौशिकी वृत्ति' का सम्बन्ध किस रस से है?
अ) भयानक ब) बीभत्स
स) श्रृंगार द) रौद्र

3) निम्नलिखित में से 'अग्निपुराणकार' कौन है?
अ) वामन ब) रुद्रट
स) वेदव्यास द) उद्भट

4) किस रीति का नाम 'ग्राम्या' है?
अ) वैदर्भी ब) गौड़ी
स) पांचाली ड) इनमें से कोई नहीं

munotes.in

5) राजशेखर के अनुसार काव्यशास्त्र के प्रथम आचार्य कौन थे?

अ) ब्रह्मा ब) विष्णू
स) शिव द) इन्द्र

6) 'कविप्रिया' किस आचार्य की रचना है?

अ) केशवदास की ब) तुलसीदास
स) सोमनाथ द) भूषण

7) निर्वेद किस रस का स्थायी भाव है?

अ) हास्य का ब) शृंगार का
स) करुण का द) शान्त का

8) संस्कृत काव्यशास्त्र में अलंकारवादी आचार्य कितने है?

अ) पाँच ब) छः
स) सात द) आठ

9) आचार्य कुन्तक ने वक्रोक्ति के कितने भेद किये है?

अ) छः ब) सात
स) आठ द) नौ

10) 'उक्ति वैचित्र्यलंकार' यह कथन किसका है?

अ) भामह का ब) रुद्रट का
स) कुन्तक द) उद्‌भट का

*********************

munotes.in

munotes.in